राजकीय श्रावणी मेला शुरु

संताल एक्सप्रेस

वर्ष- 08 | अंक -304 दुमका | RNI NO. JHABIL/2018/76383 | santalexpress20@gmail.com | 30 जुलाई 2026, गुरुवार | पृष्ठ 08 | मूल्य : 2 रुपये

बरहरवा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बरहरवा। साहिबगंज जिले के बरहरवा थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई है. झिकटिया निवासी 46 वर्षीय राकेश राय ने मंगलवार देर रात अपने ही घर के बेडरूम में फांसी लगाकर कर ली. घटना के बाद परिजनों व इलाके में शोक का माहौल है.मृतक की पहचान स्वर्गीय राम इकबाल राय के 46 वर्षीय पुत्र राकेश राय के रूप में हुई है. परिजनों के अनुसार मंगलवार रात लगभग 12 बजे के आसपास यह घटना हुई. उस समय मृतक की पत्नी सोनी शर्मा अपने बच्चों के साथ दूसरे कमरे में सो रही थी. कुछ देर बाद जब वह अपने कमरे से बाहर निकलीं और बेडरूम में पहुंचीं तो उन्होंने अपने पति को पंखे से फंदे के सहारे लटका हुआ देखा. यह दृश्य देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई.बताया गया कि राकेश राय मूल रूप से पटना के निवासी थे. करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उन्होंने बरहरवा थाना क्षेत्र के झिकटिया में अपना घर बनाकर परिवार के साथ रहना शुरू किया था.घटना की सूचना मिलते ही बरहरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए राजमहल भेज दिया

पूर्व मुखिया ने डीसी,सीएस और लोकायुक्त को सौंपा शिकायत पत्र, जांच की मांग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता उधवा।जिले के उधवा प्रखंड अंतर्गत राधानगर पंचायत के पूर्व मुखिया तलामय सोरेन ने पंचायत में कथित वित्तीय अनियमितताओं और पद के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए डीसी साहिबगंज, मुख्य सचिव झारखंड तथा लोकायुक्त रांची को एक शिकायत पत्र सौंपा है. उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने तथा संबंधित पंचायत की वित्तीय शक्तियों पर रोक लगाने की मांग की है. पूर्व मुखिया ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ए मंडल द्वारा पंचायती राज व्यवस्था के नियमों की अनदेखी करते हुए सरकारी योजनाओं एवं वित्तीय संसाधनों का मनमाने ढंग से उपयोग किया गया. उन्होंने कहा कि पंचायत की नियमित कार्यकारिणी बैठकों का आयोजन नहीं किया जाता. जबकि बिना आवश्यक प्रशासनिक एवं कार्यकारिणी स्वीकृति के योजनाओं पर सरकारी राशि खर्च की गई.शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि एक ही योजना का नाम बदलकर बार-बार राशि निकाली गई. जरूरतमंदों के बजाय कंबलों का वितरण कथित रूप से रिश्तेदारों के बीच किया गया तथा पंचायत भवन की मरम्मत, रंगाई और पेयजल व्यवस्था के नाम पर लाखों रुपये की निकासी बिना कार्य पूर्ण किए कर ली गई.इसके बावजूद बाद में उसी पंचायत भवन की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण पर पुनः सरकारी राशि खर्च किए जाने का भी उल्लेख किया गया है. पंचायत भवन में पेयजल व्यवस्था के लिए दोबारा अभिलेख खोलकर राशि निकाली गई तथा पेसा अधिनियम के तहत फर्जी विशेष ग्रामसभा आयोजित कर आदिवासी समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन किया गया. कई योजनाओं के अभिलेखों में ग्रामसभा की स्वीकृति, कार्यकारिणी की मंजूरी तथा भुगतान प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक दस्तावेज और फोटोग्राफ संलग्न नहीं किए गए. उन्होंने लोकायुक्त एवं राज्य सरकार से मांग की है कि मामले की जांच जिला स्तर के वरीय अधिकारियों से कराई जाए तथा जांच पूरी होने तक पंचायत की वित्तीय शक्तियों को सीज किया जाए. ताकि भविष्य में पंचायत में नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके.हालांकि इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि ए मंडल अथवा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नही होने के कारण उनका पक्ष नहीं मिल सका.

पूरे भारत में भाजपा चलाएगी समरसता संकल्प अभियान : अनंत ओझा

साहिबगंज। साहिबगंज नगर के स्वामी विवेकानंद चौक स्थित कार्यालय में राजमहल विस के पूर्व विधायक अनंत ओझा ने बुधवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया. उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650वीं जयंती वर्ष पर भाजपा पूरे भारत में देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान 29 जुलाई से 20 फरवरी 2027 माघ पूर्णिमा तक चलाएंगी.उन्होने कहा कि संत गुरु रविदास संपूर्ण मानवता के महान पथ प्रदर्शक थे. 29 जुलाई को देश भर के मंदिरों में समरसता दीप महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. इसके तहत् 51000 स्थानों से अधिक संख्या में मंदिरों में भाजपा नेता व कार्यकर्ता दीप जलाएंगे. वही 10 सितंबर तक संत गुरु रविदास कलश वंदन अभियान के तहत् उनके जन्मस्थली का पवित्र मिट्टी से भरी टोलियों को 131 पवित्र कलश लेकर देश भर के 21000 कलश में स्थापित करके देशभर के राज्यों जिला ओर मंदिरों तक पहुंचाएगा. वही 31 अगस्त तक संत संपर्क अभियान चलाया जाएगा. जिसमे साधु संतो महात्मा को सम्मानित किया जाएगा. 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक श्री गुरु रविदास महाराज समरसता यात्रा होगा. मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गौतम यादव,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मेंद्र कुमार, संतोष चौधरी मौजूद थे.

गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा मनी

साहिबगंज । अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा साहिबगंज द्वारा बुधवार को गायत्री शक्तिपीठ में धूमधाम से गुरु पूर्णिमा महापर्व मनाया गया.मौके पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न किया गया जिसमें सैकड़ो की तदाद में श्रद्धालु शामिल हुए. कई लोगों ने गुरु दीक्षा लेकर पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा को गुरु वरण किया. कार्यक्रम की शुरुआत प्रियंका सोनी अदिति भारती एवं तोषण भारती द्वारा संयुक्त रूप से गुरु वंदना एवं युग संगीत से की गई. व्यास पीठ पर विराजमान पुरोहित निभा देवी ,संगीता देवी, अनीता देवी, रेखा देवी, मधु कुमारी ने वैदिक रीति से देव आवाहन एवं पूजन आदि संपन्न कराया. मौके पर उपस्थित वरिष्ठ परिजन ओंकारनाथ मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुरु महिमा की चर्चा की. हमारे गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने मानव में देवत्व का जागरण एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण का विराट संकल्प लिया है ।

बरहरवा में एसआईआर की समीक्षा बैठक में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील

बरहरवा। बरहरवा बीडीओ कार्यालय में बुधवार को पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरहरवा प्रखंड से संबंधित विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य की समीक्षा बैठक बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सन्नी कुमार दास की अध्यक्षता में हुई.बैठक में एसआईआर कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई. बीडीओ ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यों में सहयोग करने तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की.उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि का समय पर निराकरण किया जाए. इसके लिए सभी संबंधित पक्षों का सहयोग आवश्यक है.बैठक में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर, नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो, भाजपा के कुसमाकर तिवारी एवं नगर अध्यक्ष रविन्द्र भगत, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित थे.

सहिया चयन को लेकर हुई आमसभा

राजमहल। राजमहल नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 के लिए सहिया चयन को लेकर बुधवार को प्राथमिक विद्यालय कॉलोनी में आमसभा वार्ड पार्षद उज्जवल हलदार के अध्यक्षता में हुई. इस दौरान लोक स्वास्थ्य प्रबंधक सूरज कुमार, आशा फैसलेटर सदानंद यादव सहित अन्य उपस्थित थें. वहीं बैठक में सर्वप्रथम महिला समिति का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष मिताली हलदार, सचिव दीपिका हलदार, कोषाध्यक्ष सविता सुरेंद्र देवगन का चयन किया गया. इसके बाद सहिया चयन में चार अभ्यर्थियों ने अपना दस्तावेज जमा किया. जिसमें दो को मौके पर ही रिजेक्ट कर दिया गया. जिसमें एक अन्य वार्ड की थी एवं दूसरी की उम्र कम था. वही दो अभ्यार्थियों का दस्तावेज जमा लिया गया है एवं वरीय अधिकारी के पास भेजा जाएगा. रिपोर्ट आने पर जल्द ही बता दिया जाएगा कि दोनों अभ्यर्थियों में से किसे सहिया पद पर चयन किया गया है. मौके पर एसटीटी सदानंद यादव, बीटीटी धीरन मंडल, बीटीटी मुनिजी पांडे, एएनएम किरण कुमारी, सेविका अर्चना हलदार, सेविका मीना देवी सहित अन्य उपस्थित थे.

2.20 करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा सहित पांच नक्सलियों की गिरफ्तारी

संवाददाता

रांची। झारखंड पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों ने नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए भाकपा (माओवादी) के एकमात्र सक्रिय पोलित ब्यूरो सदस्य तथा 2.20 करोड़ रुपये के इनामी शीर्ष नक्सली मिसिर बेसरा उर्फ सागर उर्फ भास्कर उर्फ सुर्निमल को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ संगठन के चार अन्य सक्रिय सदस्यों को भी पकड़ा गया है। संयुक्त अभियान के दौरान उनके कब्जे से तीन एके-47 राइफल, आठ मैगजीन और 288 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।यह कार्रवाई 28 जुलाई की देर शाम धनबाद जिले के बरवड्डा थाना क्षेत्र के जंगलों में चलाए गए संयुक्त अभियान ऑपरेशन दौरा पहाड़ के तहत की गई। अभियान में धनबाद और गिरिडीह जिला पुलिस के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 209 कोबरा

बटालियन के जवान शामिल थे। मिसिर बेसरा पर झारखंड सरकार ने एक करोड़ रुपये और ओडिशा सरकार ने 1.20 करोड़ रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।पुलिस मुख्यालय में बुधवार को आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा, महानिरीक्षक (आईजी) अभियान नरेंद्र सिंह, आईजी साकेत सिंह, आईजी अनूप बिरथरे, उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) इंद्रजीत महथा,

धनबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभात रंजन और पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मिसिर बेसरा के साथ संगठन के रीजनल कमेटी सदस्य (आरसीएम) तथा 15 लाख रुपये के इनामी मेहनत उर्फ मोछू उर्फ विभीषण, एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) गौरव उर्फ बिरेंद्र हांसदा उर्फ सौरभ और संगठन के दो अन्य सदस्य मंगल मुर्मू तथा दिनेश राय को भी गिरफ्तार किया गया है। सभी के कब्जे से तीन एके-47 राइफल, आठ मैगजीन और 288 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार, मिसिर बेसरा पिछले तीन दशक से अधिक समय से झारखंड, ओडिशा, बिहार तथा अन्य राज्यों में माओवादी गतिविधियों का संचालन कर रहा था। उसके खिलाफ विभिन्न राज्यों में 175 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस का मानना है कि बरामद हथियारों का इस्तेमाल भविष्य में बड़ी नक्सली घटनाओं को अंजाम देने की तैयारी में किया जा रहा था। इन हथियारों की बरामदगी से माओवादी संगठन की परिचालन क्षमता को गंभीर झटका लगा है।

साहिबगंज में कॉलेज की छात्रा ने फांसी लगा की आत्महत्या

साहिबगंज। नगर थाना क्षेत्र में कॉलेज की छात्रा ने अपने घर में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.मिली जानकारी के अनुसार ज्ञानदा गली निवासी संजय कुमार रजक की 21 वर्षीय पुत्री नमिता कुमारी जो साहिबगंज कॉलेज बीए सेमेस्टर -2 की छात्रा थी.उन्होंने अपने घर के एक कमरे में दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के बाद परिजन ने मामले की सूचना नगर थाना पुलिस को दी.घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर छात्रा के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. मृतका के पिता संजय कुमार रजक ने बताया कि सुबह नौ बजे घर में पुत्री को उठने को आवाज दिया तो नहीं उठी. इसके बाद चाय पीकर दुकान चला गया. दोपहर लगभग दो बजे छोटा भाई ने फोन करके सूचना दी कि पुत्री ने फांसी लगा ली है. उन्होंने घर पहुंच इसकी सूचना पुलिस को दी. मृतका के चाचा ने बताया कि भतीजी की मां व अन्य सदस्य रिलेटिव के यहां किसी कार्य के लिए हुए थे. वापस घर आया तो देखा तो अभी तक नहीं उठी है तो छोटी बहन ने आवाज दी.

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अरुणोदय पत्रिका लोकार्पण सह आचार्य सम्मान समारोह

रांची। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति के तत्वावधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, राँची स्थित केशव सभागार में अरुणोदय पत्रिका लोकार्पण सह आचार्य सम्मान समारोह-2026 का गरिमामय एवं भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में नव-निर्मित शूटिंग रेंज का उद्घाटन भी संपन्न हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि झारखण्ड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीश देवपुजारी, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख, संस्कृत भारती तथा समीर उरांव, पूर्व सांसद (राज्यसभा) उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के आगमन, राष्ट्रगान, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मंचासीन अतिथियों का परिचय एवं स्वागत शिशु विकास मंदिर समिति के सह मंत्री नर्मदेश्वर मिश्र ने कराया, जबकि समिति के मंत्री एस. वेंकट रमण ने कार्यक्रम-वृत्त प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र देव गोस्वामी ने मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथियों का भी अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न एवं पौधा भेंट कर अभिनंदन किया गया।गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर में स्थापित नव-निर्मित शूटिंग रेंज का उद्घाटन श्रीश देवपुजारी एवं समीर उरांव के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। यह शूटिंग रेंज विद्यार्थियों को निशानेबाजी एवं अन्य खेल गतिविधियों में प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में विद्यालय की एक महत्त्वपूर्ण पहल है।विद्यालय की वार्षिक पत्रिका अरुणोदय का परिचय इसकी संपादक बहन प्रियदर्शी कश्यप ने प्रस्तुत किया। उन्होंने पत्रिका की विषय-वस्तु, उद्देश्यों तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा पत्रिका का लोकार्पण किया गया।

वाहन दुर्घटना में पच्छिम बंगाल के पांच श्रद्धालु घायल

बरहेट । साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड क्षेत्र के शिवगादी कीताटोला के समीप बुधवार की सुबह पच्छिम बंगाल के श्रद्धालुओं से भरा एक चार पहिया टीयूभी 300 वाहन डब्लू बी 68 एक्स 3789 अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे नाले में घुस गया. हुई दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गये. घायलों के अनुसार सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं. जो पश्चिम बंगाल के नीमतीता के रहने वाले है.सभी अपने वाहन से शिवगादी धाम पूजा-अर्चना करने के लिए जा रहे थे.बताया गया कि स्टेरिंग फंस जाने के कारण चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका. जिससे वाहन मुख्य सड़क से नीचे चला गया.इस दुर्घटना में नीमतीता समशेरगंज निवासी 47 वर्षीय सीता सिंह, नीमतीता निवासी 11 वर्षीय अरिदम सिंह,43 वर्षीय बेतिका सिंह,50 वर्षीय ईति सिंह ,25 वर्षीय सुमित सिंह घायल हो गया. सभी घायलों का उपचार शिवगादी स्थित स्वास्थ्य केंद्र में सीएचओ निकिता रावत, एमपीडब्ल्यू सतीश प्रसाद तथा एएनएम निर्मला कुमारी ने किया.

साहिबगंज तीनपहाड़ के तालाब में डूबने से 12 वर्षीया बालिका की मौत

राजमहल। तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नीमगाछी गांव में बुधवार को 12 वर्षीय बालिका की तालाब में डूबने से मौत हो गई. इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है. जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. मिली जानकारी के अनुसार नीमगाछी गांव निवासी सुभाष चंद्र दास की 12 वर्षीय पुत्री तनु कुमारी सुबह अपने दादा को नाश्ता देने के बाद सहेलियों के साथ गांव के तालाब में नहाने गई थी. इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई. साथ मौजूद बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद तनु को तालाब से बाहर निकाला. वही आनन फानन में परिजनों ने उसे अचेतावस्था में इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद परिवार वालों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा. इधर घटना की सूचना मिलते ही तीनपहाड़ थाना पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया.

कंगना रनौत के बयान के विरोध में कांग्रेस ने फूंका पुतला

संवाददाता

रांची। भारतीय जनता पार्टी की सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत की ओर से दिए गए विवादित एवं गैर-जिम्मेदाराना बयान के विरोध में बुधवार को झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रमा खलखो के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने कंगना रनौत का पुतला दहन कर उनके बयान की कड़ी निंदा की।महिला कांग्रेस नेत्रियों ने कहा कि कंगना रनौत लगातार ऐसे बयान देती रही हैं जो समाज में वैमनस्य फैलाने, महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का काम करते हैं। उनका बयान न केवल आपत्तिजनक हैं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक

परंपराओं और सामाजिक सौहार्द के भी विरुद्ध है।महिला कांग्रेस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार कंगना रनौत जैसे नेत्रियों के भड़काऊ बयानों पर मौन रहकर उनकी मानसिकता का समर्थन कर रही है। भाजपा नेतृत्व को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या पार्टी ऐसे बयानों से स्वयं को अलग मानती है या उनका समर्थन करती है।प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि कंगना रनौत अपने विवादित बयान के लिए देश की जनता से बिना शर्त माफी मांगें। साथ ही भाजपा नेतृत्व भी इस मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करे और ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयानों पर रोक लगाए।महिला नेत्रियों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान, सामाजिक सद्भाव और महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती रही है और भविष्य में भी किसी भी विभाजनकारी एवं समाज विरोधी सोच का लोकतांत्रिक तरीके से पुरजोर विरोध करती रहेगी।प्रदर्शन के दौरान आभा सिन्हा, मेरी तिर्की, रीता चौधरी, नीतू देवी, अंजू कूजूर, मीनू सिंह, अनू बेक, पुर्णिमा सिंह, संगीता टोप्पो, पार्वती सिंह सहित कई महिला कांग्रेस नेत्रियां उपस्थित रहीं।

आर.टी.सी. में गुरुपूर्णिमा उत्सव का आयोजन

रांची । बुधवार को भारतीय शिक्षण मंडल, झारखण्ड प्रांत एवं आर.टी.सी. बीएड महाविद्यालय, बूटी, राँची के संयुक्त तत्वावधान में गुरुपूर्णिमा उत्सव का आयोजन महाविद्यालय परिसर सभागार में श्रद्धा, भक्ति एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता,माँ सरस्वती एवं महर्षि वेदव्यास के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस उत्सव कार्यक्रम में महाबिद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुती गुरु शिष्य परम्परा को समर्पित रहा। उपस्थित विद्वान शिक्षकों, बीएड-डीएलएड के विद्यार्थियों एवं शिक्षाविदों ने भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रवर्तक महर्षि वेदव्यास को नमन करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.टी.सी. बीएड महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रिचा पद्मा ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि गुरु केवल ज्ञान का संचार ही नहीं करते।

पलामू में फायरिंग और चाकूबाजी में तीन गंभीर

पलामू । जिले के थाना क्षेत्र के काराकाट बंदूआ गांव में बुधवार शाम खूनी वारदात हुई। अपराधियों ने दो लोगों को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जबकि एक को गोली मार दी। घटना में एक महिला भी घायल है। उन्हें इलाज के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार तीनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।घायलों की पहचान मकबूल मियां, सुलेमान मियां और शाहीना बीबी के रूप में हुई है।

वाई.बी.एन. विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

रांची। वाई.बी.एन. विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ एवं माँ कालावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में सदर अस्पताल, रांची के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में रक्त संग्रह का कार्य सदर अस्पताल, रांची की विशेषज्ञ ब्लड कलेक्शन टीम द्वारा किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. पोद्दार द्वारा फीता काटकर (रिबन कटिंग) किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. दीप्ती भार्गव, उप कुलसचिव श्री संजय तिवारी, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. आशीष सरकार, माँ कालावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य (प्रभारी) डॉ. भास्कर कुमार, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) डॉ. आरती गुप्ता तथा एनएसएस समन्वयक डॉ. कौशल किशोर सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

झारखंड मजदूर संघ की जिला महामंत्री निशा देवी और कार्यकारी अध्यक्ष बनी रीता कुमारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल । राजमहल नगर पंचायत क्षेत्र के निरीक्षण भवन में बुधवार को झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक जिला कमेटी विस्तार को लेकर एक बैठक सोनिया परवीन की अध्यक्षता में हुई. कमिटी का विस्तार केंद्र महामंत्री राजकुमार यादव एवं केंद्र उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी की देख-रेख में हुई. इस दौरान महिला मोर्चा के सदस्य द्वारा केंद्र महामंत्री राजकुमार यादव को सम्मानित किया. जिला कमेटी का विस्तार करते हुए जिला महामंत्री निशा देवी, कार्यकारी अध्यक्ष रीता कुमारी, उपाध्यक्ष मरियम मुर्मू, सहायक मंत्री सुनीता देवी, संयुक्त मंत्री प्रिया भारती, कार्यालय मंत्री रिंकू सिंह एवं सदस्य पिंकी देवी के रूप में चयन किया गया.

श्रावणी मेला- शिवगादी धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जिला प्रशासन की सभी तैयारियां पूर्ण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज । बरहेट प्रखंड स्थित प्रसिद्ध आस्था स्थल शिवगादी धाम में सावन मास के अवसर पर प्रारंभ होने वाले पवित्र मेले को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं. इसी क्रम में बुधवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अमर जॉन आईन्द,बरहेट के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे एवं साहिबगंज के अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुडू ने मेला क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया.निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेयजल व्यवस्था, शौचालय, विश्राम गृह, स्वच्छता, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं मेला समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने का निर्देश दिए.अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर मेला अवधि के दौरान निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराने तथा किसी भी प्रकार की असुविधा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिये.

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

जिला गव्य विकास कार्यालय, दुमका

आवश्यक सूचना

वित्तीय वर्ष :– 2026–27 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों के लिये इच्छुक ग्रामीण कृषकों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय से **निः शुल्क आवेदन पत्र** प्राप्त कर तथा पूर्णरूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित पंचायत स्तरीय समिति अथवा ग्राम सभा की अनुशंसा, दोनों में से कोई एक द्वारा अनुशंसित की गई प्रति संलग्न कर संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक–14 अगस्त 2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

क्र0 सं0	योजना का नाम	परियोजना लागत	अनुदान %	लाभुक अंशदान %	लाभुक वर्ग
01.	दो दुधारू गाय / भैंस की योजना	1,35,050	75 %	25%	सभी महिला लाभुकों के लिए। (आपदा/आगलगी से प्रभावित /सड़क दुर्घटना से प्रभावित /परित्यक्त /दिव्यांग महिलाओं को छोड़ कर)
			90 %	10%	आपदा/आगलगी से प्रभावित/सड़क दुर्घटना से प्रभावित /परित्यक्त /दिव्यांग महिलाओं के लिए।
02. कामधेनु डेयरी फार्मिंग					
(क)	पाँच दुधारू गाय/भैंस वितरण की योजना मिनी डेयरी (05गाय/भैंस)	3,37,625	50%	50%	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए।
			75%	25%	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए।
(ख)	दस दुधारू गाय/भैंस वितरण की योजना मिडी डेयरी (10 गाय/भैंस)	6,75,250	50%	50%	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए।
			75%	25%	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए।
03.	चारा काटने का मशीन				
(क)	हस्त चालित चैफ कटर वितरण की योजना	12,000	75 %	25%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए।
			90 %	10%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए।
(ख)	विद्युत चालित चैफ कटर वितरण की योजना	26,000	75 %	25%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए।
			90 %	10%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए।
04.	प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता				
(क)	मिल्कींग मशीन	1,20,000	75 %	25%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए।
			90 %	10%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए।
(ख)	पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट	1,00,000	75 %	25%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए।
			90 %	10%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए।
(ग)	वर्मी कम्पोस्ट यूनिट	25,000	75 %	25%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए।
			90 %	10%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए।
(घ)	डीप बोरिंग	1,00,000	75 %	25%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए।
			90 %	10%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए।
(च)	काउ मैट	5,200	75 %	25%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए।
			90 %	10%	अनु0 जाति /अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए।

अहर्ता/नियम व शर्तें :–

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन पंचायत स्तरीय समिति अथवा ग्राम सभा की अनुशंसा, दोनों में से कोई एक द्वारा अनुशंसा कराते हुए चयनित सूची पर प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरांत उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता वाली गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- **वैसे लाभुक जिन्हें विगत 05 वर्षों में जिन परिवार (JSFSS / NFHS अन्तर्गत परिभाशित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया हैं, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।**
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान पर किया जायेगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अंतराल पर दो चरणों में किया जाएगा।
- दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधी के अभिसरण से किया जाएगा। वैसे चयनित पशुपालक,जिनके पास मनरेगा कार्यक्रम अंतर्गत पशु शेड निर्मित है, की विस्तृत सूची संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा जिला गव्य विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का क्रय गव्य विकास निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध पशु आपूर्तिकत्ताओं से किया जाएगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ गव्य विकास निदेयशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवत्ता, मेक तथा वशिष्टियाँ के अनुरूप वास्तविक दर, जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा,उसके आधार पर क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जाएगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लाभुकों द्वारा हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान गव्य विकास निदेशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवत्ता, मेक तथा विशिष्टियाँ के अनुरूप वास्तविक दर, जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत **02/05/10 दुधारू गाय/भैस योजना का लाभ लेने के लिए चयनित लाभुकों के लिए गव्य प्रक्षेत्र अन्तर्गत संस्थागत प्रशिक्षण यथा 06 (छः) दिवसीय प्रशिक्षण/ फारमर्श अवेयरनेश कार्यक्रम (APDF) में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा।** चयनित लाभुकों को योजना का लाभ देन हेतु उनके बैंक खाता में DBT की गई राशि के विरूद्ध दुधारू पशुओं का क्रय संबंधी कार्रवाई लाभुकों के प्रशिक्षण प्राप्त करने संबंधी प्रमाण पत्र के सत्यापन के उपरान्त ही की जायेगी।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं डीप बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत, दोनों में से जो कम हो, के आधार पर अनुदान राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर भुगतान किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। पंचायत स्तरीय समिति/ ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account में जमा करना सुनिश्चित किया जायेगा।

निवेदक :–
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
दुमका

PR 386217 Animal Husbandry (26-27)_D

संताल एक्सप्रेस



वर्ष- 08 अंक -304 दुमका | RNI NO. JHABIL/2018/76383 | santalexpress20@gmail.com | 30 जुलाई 2026, गुरुवार | पृष्ठ 08 मूल्य : 2 रुपये

राजकीय श्रावणी मेला का शुभारंभ : 30 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगा मेला

मंत्री सुदिव्य कुमार और मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने किया उद्घाटन

● एआई निगरानी, फेस रिकग्निशन और 15 मिनट में शिकायत समाधान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला 2026 का विधिवत शुभारंभ बुधवार को झारखंड सीमा स्थित दुम्मा कांवरिया पथ से किया गया। नगर विकास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा तथा पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार और ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने संयुक्त रूप से मेले का उद्घाटन किया। शुभारंभ से पहले 11 वैदिक पुरोहितों ने बाबा बैद्यनाथ की विशेष पूजा-अर्चना कर मेले की मंगलकामना की।

उद्घाटन समारोह में देवघर विधायक सुरेश पासवान, सारठ विधायक उदय शंकर सिंह, जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि 30 जुलाई से 28 अगस्त तक चलने वाले श्रावणी मेले में आने वाले प्रत्येक कांवरिया की सेवा भगवान शिव की सेवा के समान है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम जलार्पण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष पहली बार भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आधारित प्रणाली लागू की गई है। साथ ही क्यूआर कोड आधारित डिजिटल शिकायत निवारण व्यवस्था भी शुरू की गई है, जिससे श्रद्धालु किसी भी समस्या की सूचना तुरंत प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे। सरकार का लक्ष्य हर वर्ष मेले की व्यवस्थाओं को और अधिक आधुनिक, सुरक्षित और जनहितैषी बनाना है।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि बाबा नगरी देवघर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अधिकारियों, स्वयंसेवकों और स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के संयुक्त प्रयास से इस वर्ष का श्रावणी मेला ऐतिहासिक और सफल बनेगा। उन्होंने कहा कि हर श्रद्धालु यहां से सुखद अनुभव लेकर अपने घर लौटे, यही सरकार और प्रशासन का उद्देश्य है।

उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार पूरे मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार एएनपीआर कैमरे, फेस रिकग्निशन सिस्टम और हेडकाउंट कैमरों की मदद से सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु मेला क्षेत्र में कहीं भी समस्या होने पर क्यूआर कोड स्कैन कर फोटो के साथ शिकायत दर्ज कर सकेंगे। प्रशासन का लक्ष्य 15 मिनट के भीतर शिकायत का समाधान करना है। इसके अलावा श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी भी डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

पेपर लीक रोकने और वंदे मातरम् के सम्मान से जुड़े कानून संसद में ध्वनिमत से पारित

लोकसभा में राहुल गांधी के भाषण पर हंगामा, अमित शाह पर आरोप से सत्ता पक्ष भड़का

एजेंसी

नई दिल्ली । लोकसभा ने बुधवार को विपक्ष के हंगामे के बीच लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन में विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि गृहमंत्री ने दिल्ली में छात्रों पर फायरिंग के आदेश दिए। इसको लेकर सत्तापक्ष ने जमकर हंगामा किया। लोकसभा से बिल हंगामे के बीच पारित हुआ। सरकार ने कहा कि यह संशोधन सार्वजनिक परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाने की दिशा में एक और मजबूत कदम है। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार नीट पेपर लीक मामले में तेजी से कार्रवाई कर चुकी है और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संशोधन सरकार की उस सोच को दिखाता है, जिसमें पिछले अनुभवों से सीख लेकर कानून को और मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में एंटी पेपर लीक कानून लागू होने के बाद अब तक 52 एफआईआर दर्ज की गई हैं। साथ ही उन्होंने दावा किया कि पेपर लीक से जुड़े मामलों के कारण होने वाली आत्महत्याओं में भी कमी आई है, जिसे उन्होंने कानून के सकारात्मक प्रभाव का संकेत बताया। विधेयक पारित होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में एंटी पेपर लीक विधेयक पर चर्चा हो रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस एक्शन को लेकर केंद्र सरकार को घेरते हुए नजर आए। राहुल गांधी ने सीजेपी प्रोटेस्ट के दौरान पुलिस फायरिंग का भी मुद्दा उठाया तो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर सवाल खड़े किए। इसके दौरान राहुल गांधी आरएसएस को भी कठघरे में खड़े करते नजर आए। राहुल गांधी ने दो टूक कहा कि छात्रों का गुस्सा जायज था। देश के युवाओं का सम्मान हो, वो सम्मान चाहते हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के प्रदर्शन में नफरत या गुस्सा नहीं था, यही युवा हमारा भविष्य संवारेंगे। ऐसे में युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए चर्चा जरूरी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा नेताओं को ये बात समझनी चाहिए।

राहुल गांधी आरोपों पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि गोली चलाने का आदेश मंत्री नहीं बल्कि मजिस्ट्रेट देता है। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, बार-बार यह साफ किया गया कि कोई गोली नहीं चलाई गई। आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया था। चूंकि कोई गोली नहीं चलाई गई इसलिए आदेश जारी करने का सवाल ही नहीं उठता।

शराब टेंडर जांच : एसीबी ने पूर्व उत्पाद आयुक्त समेत तीन अधिकारियों को किया तलब

संवाददाता

रांची । झारखंड में शराब टेंडर और उत्पाद नीति से जुड़े कथित अनियमितताओं के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जांच तेज कर दी है।जांच के क्रम में एसीबी ने राज्य के उत्पाद विभाग और झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड से जुड़े तीन वरिष्ठ अधिकारियों को पूछताछ के लिए समन जारी किया है।इन सभी अधिकारियों को 4 अगस्त 2026 को एसीबी के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।एसीबी के अनुसार राज्य की उत्पाद नीति, शराब आपूर्ति व्यवस्था जे एस बी सी एल की प्रक्रियाओं तथा उनसे जुड़ी कथित वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं की जांच जारी है।जांच के दौरान पहले दर्ज किए गए बयानों का उपलब्ध दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों से मिलान किया जा रहा है।जहां आवश्यकता महसूस हो रही है, वहां संबंधित अधिकारियों और अन्य व्यक्तियों को दोबारा बुलाकर स्पष्टीकरण लिया जा रहा है।एसीबी शराब टेंडर प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रहा है।इसमें टेंडर की मूल शर्तें, बाद में किए गए बदलाव, संबंधित अधिकारियों और संस्थाओं की भूमिका तथा टेंडर में भाग लेने वाली कंपनियों की पूरी प्रक्रिया की पड़ताल की जा रही है।इसके अलावा बैंक गारंटी, भुगतान प्रक्रिया, सरकारी राजस्व की वसूली और अन्य वित्तीय दायित्वों से जुड़े रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

रांची में बनेंगे तीन नए स्मार्ट ग्रिड : हेमंत

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में ऊर्जा विभाग के अद्यतन कार्यों और योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र राज्य के आर्थिक, औद्योगिक एवं सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए बिजली उत्पादन, संचरण एवं वितरण व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, सुदृढ़ एवं जनोन्मुखी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में 24 घंटे गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और बिजली कटौती एवं अन्य समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को देखते हुए विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि, ट्रांसमिशन नेटवर्क के विस्तार और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने ऊर्जा विभाग को जनहित को सर्वोपरि रखते हुए सभी योजनाओं का समय पर और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिजली कटौती से संबंधित शिकायतों का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए और उपभोक्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध कराई जाए।

जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल. ख्यांग्ते से दूसरे दिन भी सीआईडी की लंबी पूछताछ

रांची । झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष एल. ख्यांगते से सीआईडी ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी कई घंटे तक पूछताछ की। पूछताछ के दौरान भर्ती प्रक्रिया और जांच से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर उनसे विस्तृत जानकारी ली गई। देर शाम पूछताछ पूरी होने के बाद उन्हें जाने की अनुमति दे दी गई। 31 जुलाई को सीआईडी ने ख्यांगते को पूछताछ के लिए फिर बुलाया है।

14वीं जेपीएससी : सीआईडी ने अभ्यर्थियों से मांगी ओएमआर शीट की कॉपी

संवाददाता

रांची । झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 14वीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा से जुड़ी शिकायतों की जांच कर रही सीआईडी ने सफल अभ्यर्थियों से उनकी ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। एजेंसी का कहना है कि इससे जांच प्रक्रिया को निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। सीआईडी के अनुसार, अभ्यर्थी पेपर-1 और पेपर-2 की ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी स्कैन कर पीडीएफ के रूप में या स्पष्ट फोटो लेकर व्हाट्सएप अथवा ईमेल के माध्यम से भेज सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों के पास कार्बन कॉपी उपलब्ध नहीं है, उनसे अनुरोध किया गया है कि वे इसकी जानकारी कारण सहित सीआईडी को दें। जांच एजेंसी ने इस संबंध में एक व्हाट्सएप नंबर और आधिकारिक ईमेल आईडी भी जारी की है।

प. बंगाल में रेत माफिया पर बड़ी कार्रवाई, 5.5 करोड़ रुपये नकद और 15 किलो सोना बरामद

एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल में अवैध रेत खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित रेत माफिया टुल्लू मंडल उर्फ मोहम्मद नजीबुद्दीन के ठिकाने पर छापेमारी की। यह कार्रवाई बीरभूम जिले के मोहम्मद बाजार थाना क्षेत्र में खुफिया सूचना के आधार पर की गई। छापे के दौरान अब तक 5.5 करोड़ रुपये नकद और 15 किलोग्राम सोना बरामद किया गया है। नकदी की गिनती अभी भी जारी है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई अवैध रेत खनन और उससे जुड़े आर्थिक नेटवर्क पर शिकंजा कसने के अभियान का हिस्सा है। जांच एजेंसियां बरामद नकदी और सोने के स्रोत का पता लगाने में जुटी हैं।

शिरडी में गुरु पूर्णिमा पर उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

अशोक कुमार

शिरडी । बुधवार को गुरु पुर्णिमा के दिन के शिरडी धाम में महोत्सव का माहौल है। शिरडी मंदिर परिसर के विशाल प्रांगण सुबह से ही भक्तों से सुशोभित है. अहले सुबह से ही भक्तजन पंक्तियों में बाबा साई के समाधि स्थल पर विराजमान है। उनकी विराट प्रतिमा के दर्शन के लिए धीरे धीरे आगे बढ रहे हैं बीच-बीच में जय साई राम के नारे भी लगा रहे हैं। दर्शन की एक अलग लाइन वीआईपी पास वालों की है, जो 300 रुपये देकर पास हासिल किए हैं . ऐसे पास धारियों को शॉर्टकट मार्ग से बाबा का कम समय में दर्शन का अवसर प्राप्त होता है.मंदिर परिसर में भजन संध्या के कार्यक्रम में बाबा के भक्त गायकों ने मन्त्रमुग्ध कर देने वाले भजन प्रस्तुत किए। मंदिर का परिसर दिन और देर संध्या तक भक्तों से गुलजार रहा। द्वारका माई में भी भक्तों की भीड़ लगी रही। रात्रि साढ़े नौ बजे द्वारका माई से साई बाबा रथ निकला भजन कीर्तन और गाजे बाजे के साथ निकाला गया. यह रथ शहर की परिक्रमा करते हुए मंदिर पहुचा। रथ को देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी । गुरु पूर्णिमा पर देश और महाराष्ट्र के कोने कोने से लोग सपरिवार यहां पहुंचे थे. लेकिन मंदिर परिसर में पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था देखने को नहीं मिली। शिरडी में सड़कों की स्थिति भी अच्छी नहीं है.कोपरगांव और मनमाद स्टेशन से शिरडी आने वाली सड़कों की स्थिति बेहद जर्जर है। विश्व प्रसिद्ध इस धार्मिक स्थल की तब यह स्थिति है जब स्थानीय सांसद और विधायक बीजेपी के हैं। यहां की राज्य सरकार भी बीजेपी नेतृत्व वाली है।

मुंगेर के संन्यास पीठ में श्रद्धा, साधना और सनातन संस्कृति का वैश्विक उत्सव

कुमार कृष्णन

मुंगेर । भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उसने ज्ञान को केवल पुस्तकों में सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जीवंत परंपरा के रूप में गुरु से शिष्य तक प्रवाहित किया। यही कारण है कि भारत में गुरु केवल शिक्षक नहीं, बल्कि चेतना के जागरण का माध्यम, जीवन के पथ-प्रदर्शक और आत्मबोध के द्वार माने गए हैं। वेदों से लेकर उपनिषदों तक, रामायण से महाभारत तक और योग परंपरा से लेकर आधुनिक भारत तक गुरु-शिष्य संबंध भारतीय सभ्यता की आत्मा रहे हैं। इसी सनातन परंपरा का जीवंत स्वरूप इस वर्ष मुंगेर स्थित बिहार स्कूल ऑफ योग के संन्यास पीठ, पादुका दर्शन परिसर में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में देखने को मिला।

इस अवसर पर बिहार स्कूल ऑफ योग के आध्यात्मिक अधिष्ठाता परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती ने गुरु-शिष्य संबंधों की गहन व्याख्या करते हुए कहा कि संन्यास पीठ केवल ईंट-पत्थरों से बना कोई आश्रम नहीं, बल्कि गुरु के प्रति समर्पण, श्रद्धा और साधना का जीवंत केंद्र है। यहां आने वाला प्रत्येक साधक केवल किसी व्यक्ति का दर्शन करने नहीं आता, बल्कि गुरु-तत्त्व की अनुभूति करने आता है। गुरु का वास्तविक स्वरूप किसी शरीर या नाम तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह ऐसी चेतना है जो साधक के भीतर सुप्त दिव्यता को जागृत करती है। उन्होंने कहा की गुरु पूर्णिमा का अर्थ केवल गुरु की पूजा कर लेना नहीं है। यदि श्रद्धालु केवल पुष्प अर्पित कर लौट जाए और उसके जीवन में कोई परिवर्तन न आए, तो गुरु पूर्णिमा का उद्देश्य अधूरा रह जाता है।

धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और जेन-जी

युवा शक्ति का नया लोकतांत्रिक अध्याय भारतीय लोकतंत्र ने एक बार फिर यह साबित किया है कि जनता की आवाज यदि संगठित, शांतिपूर्ण और निरंतर हो तो वह सबसे शक्तिशाली सत्ता को भी आत्ममंथन के लिए विवश कर सकती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा केवल एक मंत्री का पद छोड़ना नहीं है बल्कि यह उस लोकतांत्रिक दबाव की स्वीकारोक्ति भी है, जो पिछले कई सप्ताह से देशभर के लाखों युवाओं ने अपने धैर्य, अनुशासन और दृढ़ता से निर्मित किया। हाल के घटनाक्रमों में सरकार और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत के बाद आंदोलन समाप्त करने की घोषणा हुई और आंदोलन के नेतृत्व ने दावा किया कि उनकी प्रमुख मांगें स्वीकार कर ली गई। यह घटना केवल शिक्षा मंत्रालय तक सीमित नहीं रहेगी। आने वाले वर्षों में इसे उस मोड़ के रूप में याद किया जाएगा, जब भारत की जेन-जी ने यह संदेश दिया कि लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता बल्कि जवाबदेही, पारदर्शिता और नागरिक भागीदारी से भी संचालित होता है। इस पूरे आंदोलन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसकी शुरुआत किसी स्थापित राजनीतिक दल ने नहीं की। यह आंदोलन सोशल मीडिया की दुनिया से निकला, व्यंग्य से शुरू हुआ और देखते ही देखते करोड़ों युवाओं की सामूहिक चेतना का प्रतीक बन गया। जिस 'कॉकरोच' शब्द का प्रयोग कथित रूप से अपमान के लिए किया गया था, उसी शब्द को युवाओं ने अपने आत्मसम्मान और प्रतिरोध का प्रतीक बना दिया। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती है कि वह अपमान को भी प्रतिरोध की शक्ति में बदल देता है। इस आंदोलन ने भारतीय राजनीति को एक नया पाठ पढ़ाया है। लंबे समय तक यह माना जाता रहा कि सोशल मीडिया पर चलने वाले अभियान केवल कुछ दिनों की सनसनी होते हैं लेकिन इस बार 'डिजिटल अभियान' सड़क पर उतरा, शांतिपूर्ण जनआंदोलन में बदला और अंततः सत्ता को निर्णय लेने के लिए बाध्य कर गया। इससे स्पष्ट है कि भारत की नई पीढ़ी केवल 'लाइक' और 'शेयर' तक सीमित नहीं है; वह लोकतांत्रिक भागीदारी की नई भाषा लिख रही है। हालांकि इस जीत का सबसे बड़ा श्रेय केवल आंदोलन की सफलता को नहीं बल्कि उसके संयम को भी जाता है। अनेक स्थानों पर तनाव और पुलिस कार्रवाई के बावजूद आंदोलन के नेतृत्व ने लगातार संवैधानिक और शांतिपूर्ण विरोध की अपील की। यही कारण है कि इस आंदोलन को व्यापक सामाजिक समर्थन मिला। लोकतंत्र में किसी भी जनआंदोलन की नैतिक शक्ति उसकी अहिंसा और अनुशासन से ही आती है। हालांकि इस जीत के साथ कुछ गंभीर प्रश्न भी खड़े होते हैं। क्या केवल एक मंत्री का इस्तीफा शिक्षा व्यवस्था की उन गहरी समस्याओं का समाधान कर देगा, जिनके कारण यह आंदोलन जन्मा? क्या प्रश्नपत्र लीक की घटनाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी? क्या भर्ती परीक्षाओं में वर्षों से चली आ रही देरी खत्म हो जाएगी? क्या करोड़ों युवाओं को रोजगार की नई संभावनाएं मिल जाएंगी? इन प्रश्नों का उत्तर अभी भविष्य के गर्भ में है।

शिक्षकों का सम्मान या प्रशासनिक उपेक्षा!

कुमार कृष्णन

वेतन भुगतान की असमान व्यवस्था केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि शिक्षा और लोकतंत्र की विश्वसनीयता का भी प्रश्न है। किसी भी समाज की गुणवत्ता का आकलन उसके विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और शिक्षकों की स्थिति से किया जाता है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाला कर्मचारी नहीं होता, वह आने वाली पीढ़ियों का निर्माता होता है। इसलिए जिस राज्य में शिक्षक वर्षों तक वेतन के लिए संघर्ष करने को विवश हों, वहां केवल एक कर्मचारी का अधिकार प्रभावित नहीं होता, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की नैतिकता और शासन की संवेदनशीलता भी कटघरे में खड़ी हो जाती है।

बिहार लंबे समय से शिक्षा सुधारों, नियुक्तियों और विद्यालयी विस्तार के लिए चर्चा में रहा है। लाखों शिक्षकों की नियुक्ति ने विद्यालयों में बच्चों की पहुंच तो बढ़ाई, लेकिन समानांतर रूप से वेतन भुगतान, सेवा शर्तों और प्रशासनिक व्यवस्था की जटिलताएं भी बढ़ती गईं। इसका परिणाम यह हुआ कि एक ही शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों के बीच अनेक श्रेणियां बन गईं। किसी को नियमित वेतन समय पर मिलता है, किसी का भुगतान अनुदान पर निर्भर है, किसी को महीनों और वर्षों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

इसी असमान व्यवस्था की ओर तत्कालीन बिहार विधान परिषद सदस्य डॉ. संजीव कुमार सिंह ने अप्रैल 2020 में बिहार सरकार का ध्यान आकृष्ट किया था। पत्र में उन्होंने विस्तार से बताया कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों से लेकर विश्वविद्यालयों तक अनेक प्रकार के शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें कुछ को सीधे राजकोष से नियमित वेतन मिलता है, जबकि बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक हैं जिनका वेतन स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय या अनुदान की जटिल प्रशासनिक प्रक्रिया पर निर्भर करता है।पत्र का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसमें समस्या का केवल वर्णन नहीं, बल्कि उसका प्रशासनिक कारण भी स्पष्ट किया गया है। लेखक ने बताया कि जिन शिक्षकों का भुगतान अनुदान के माध्यम से होता है, उनके मामले में पहले विभिन्न स्तरों पर स्वीकृति, फिर अनुदान निर्गत होने और उसके बाद भुगतान की प्रक्रिया पूरी होती है। इस पूरी प्रक्रिया में कई-कई महीने लग जाते हैं। कई बार शिक्षक पांच से आठ वर्षों तक नियमित वेतन से वंचित रहते हैं।

यह स्थिति केवल आर्थिक कठिनाई नहीं है। वेतन किसी कर्मचारी के लिए केवल आय का साधन नहीं, बल्कि उसके सम्मान, आत्मविश्वास और सामाजिक सुरक्षा का आधार भी है। जिस शिक्षक को अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए कर्ज लेना पड़े, बच्चों की पढ़ाई और इलाज के लिए संघर्ष करना पड़े, उससे उत्कृष्ट शिक्षा की अपेक्षा करना अपने आप में विरोधाभास है।

शिक्षा का अधिकार केवल छात्रों का अधिकार नहीं है। यह शिक्षकों के सम्मान और सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। यदि शिक्षक स्वयं असुरक्षित रहेगा, तो वह विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास और भविष्य का निर्माण कैसे करेगा?

पत्र में एक और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आता है। लेखक ने शिक्षा विभाग के पुराने संकल्प संख्या 2561 (17 अप्रैल 1998) का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के अंतर्गत आने वाले शिक्षकों के वेतन के लिए राज्य सरकार पहले से व्यवस्था कर चुकी है। यदि उसी व्यवस्था के अनुरूप समयबद्ध बजटीय प्रावधान किया जाए, तो भुगतान में होने वाली अनावश्यक देरी काफी हद तक समाप्त की जा सकती है।

यहीं सबसे बड़ा प्रश्न खड़ा होता है। यदि समस्या का समाधान प्रशासनिक नियमों के भीतर संभव है, तो वर्षों तक हजारों शिक्षक वेतन के लिए संघर्ष क्यों करते रहे? क्या यह केवल प्रक्रियागत देरी है या प्रशासनिक इच्छाशक्ति का अभाव? लोकतांत्रिक शासन की सबसे बड़ी कसौटी यही होती है कि वह अपने कर्मचारियों के साथ कितना न्यायपूर्ण व्यवहार करता है। विशेषकर उन कर्मचारियों के साथ, जो समाज के भविष्य का निर्माण कर रहे हों।

डॉ. संजीव कुमार सिंह के पत्र का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि वह केवल वेतन भुगतान की देरी की शिकायत नहीं करता, बल्कि शिक्षा विभाग के भीतर मौजूद उस संरचनात्मक असमानता की ओर संकेत करता है, जो वर्षों से हजारों शिक्षकों को दो अलग-अलग श्रेणियों में बाँटती रही है। एक ओर वे शिक्षक हैं, जिन्हें प्रत्येक माह निर्धारित समय पर राजकोष से वेतन प्राप्त हो जाता है, दूसरी ओर वे शिक्षक हैं, जिनका जीवन अनुदान की फाइलों, वित्तीय स्वीकृतियों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बीच उलझा रहता है। प्रश्न यह है कि जब कार्य समान है, उत्तरदायित्व समान है और विद्यार्थियों के प्रति दायित्व समान है, तब वेतन भुगतान की व्यवस्था अलग-अलग क्यों हो?

भारतीय संविधान समानता के सिद्धांत पर आधारित है। अनुच्छेद 14 केवल कानून के समक्ष समानता की बात नहीं करता, बल्कि प्रशासनिक निर्णयों में भी निष्पक्षता और न्याय की अपेक्षा करता है। यदि एक ही विभाग में कार्यरत शिक्षकों के साथ केवल उनकी नियुक्ति की प्रकृति के आधार पर ऐसा व्यवहार किया जाए कि कोई शिक्षक प्रत्येक माह सम्मानपूर्वक वेतन पाए और कोई वर्षों तक प्रतीक्षा करे, तो यह स्थिति संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप नहीं कही जा सकती।

पत्र में उल्लेखित तथ्य और भी गंभीर हैं। इसमें बताया गया है कि कुछ अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों, इंटरमीडिएट संस्थानों तथा डिग्री महाविद्यालयों के शिक्षक पाँच से आठ वर्षों तक नियमित वेतन से वंचित रहे। यह केवल प्रशासनिक विलंब नहीं, बल्कि एक ऐसे वर्ग का आर्थिक और मानसिक शोषण है, जिसने अपने जीवन का सबसे उत्पादक समय विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में लगाया।

वेतन केवल जीविका का साधन नहीं होता। उसी से शिक्षक अपने परिवार का पालन-पोषण करता है, बच्चों की शिक्षा, माता-पिता का इलाज, सामाजिक दायित्व और भविष्य की योजनाएँ पूरी करता है। जब महीनों तक वेतन नहीं मिलता, तो उसके सामने सम्मानपूर्वक जीवन जीने का संकट खड़ा हो जाता है। अनेक शिक्षक ऋण लेने को विवश होते हैं, भविष्य निधि समय पर जमा नहीं हो पाती, बैंक की किश्तें चूक जाती हैं और मानसिक तनाव उनके पारिवारिक जीवन तक पहुँच जाता है। ऐसी परिस्थितियों में शिक्षक से पूरी एकाग्रता के साथ अध्यापन की अपेक्षा करना व्यावहारिक नहीं है।

कोविड-19 महामारी के समय यह समस्या और भी गंभीर रूप में सामने आई थी। जब पूरा समाज स्वास्थ्य और आर्थिक संकट से जूझ रहा था, तब जिन शिक्षकों का वेतन पहले से लंबित था, उनके सामने अस्तित्व का प्रश्न खड़ा हो गया। ऐसे समय में सरकारों से अपेक्षा थी कि वे शिक्षा क्षेत्र को विशेष संवेदनशीलता के साथ देखें, क्योंकि संकट समाप्त होने के बाद समाज का पुनर्निर्माण भी शिक्षा के माध्यम से ही होना था।

पत्र में एक महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया गया है। उसमें 17 अप्रैल 1998 के शिक्षा विभाग के संकल्प संख्या 2561 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यदि स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय की श्रेणी में आने वाले शिक्षकों के लिए वित्तीय आवंटन वर्ष की शुरुआत में ही सुनिश्चित कर दिया जाए, तो भुगतान की अधिकांश समस्याएँ समाप्त हो सकती हैं। यह सुझाव प्रशासनिक दृष्टि से भी व्यवहारिक प्रतीत होता है। जब व्यय पूर्वनिर्धारित है और शिक्षकों की संख्या भी निश्चित है, तब प्रत्येक वर्ष वेतन भुगतान को अनिश्चितता के भरोसे छोड़ना वित्तीय अनुशासन का संकेत नहीं माना जा सकता। दुर्भाग्य यह है कि शिक्षा जैसी बुनियादी व्यवस्था में भी कई बार प्राथमिकताएँ उलट जाती हैं। भवन निर्माण, योजनाओं की घोषणाएँ और नए कार्यक्रम सुर्खियाँ बनते हैं, लेकिन शिक्षकों के नियमित वेतन जैसी मूलभूत आवश्यकता अक्सर प्रशासनिक फाइलों में उलझकर रह जाती है।

पाकुड़ की खबरें

मलेरिया और डेंगू से बचाव का करें उपाय: डीसी

पाकुड़ । बरसात के मौसम में मलेरिया एवं डेंगू जैसी मच्छरजनित बीमारियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलेवासियों से सतर्कता बरतने तथा बचाव के उपायों को अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से इन बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।उपायुक्त ने बताया कि मलेरिया और डेंगू संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलने वाले गंभीर रोग हैं। तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर एवं मांसपेशियों में दर्द, अत्यधिक कमजोरी, भूख न लगना अथवा अन्य संबंधित लक्षण दिखाई देने पर बिना विलंब किए अपने निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मलेरिया एवं डेंगू की जांच एवं उपचार निःशुल्क उपलब्ध है। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में पानी का जमाव नहीं होने देने, नियमित साफ- सफाई बनाए रखने, पानी संग्रहित करने वाले बर्तनों को ढंककर रखने तथा कूलर, टंकी, गमलों एवं अनुपयोगी पात्रों की नियमित सफाई करने की अपील की। साथ ही, रात्रि में मच्छरदानी का उपयोग करने, पूरी बांह के कपड़े पहनने तथा मच्छरों से बचाव के अन्य उपाय अपनाने का भी आग्रह किया।

पाकुड़-बरहरवा एनएच-133ए की बदलेगी सूरत

संताल एक्सप्रेस प्रतिनिधिपाकुड़। साहिबगंज और पाकुड़ जिले की लाइफलाइन मानी जाने वाली पाकुड़-बरहरवा एनएच-133ए की जर्जर स्थिति जल्द सुधरने की उम्मीद जगी है। बुधवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने विभागीय अधिकारियों के साथ सड़क का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पाकुड़-बरहरवा मुख्य मार्ग कई स्थानों पर पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह जलजमाव की समस्या है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई होती है। उन्होंने सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।पूर्व मंत्री ने बताया कि केंचुआ पुल से भीमपाड़ा तथा श्रीकुंड से पलाशबोना तक सड़क काफी संकीर्ण है, जिससे वाहनों के आवागमन में परेशानी और जाम की स्थिति बनी रहती है। इन स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से गार्डवाल निर्माण की पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत होने से पलाशबोना, कोटालपोखर, श्रीकुंड, बरहरवा सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को जर्जर सड़क से राहत मिलेगी। वहीं गार्डवाल बनने से वाहनों का आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम होगा।आलमगीर आलम ने बताया कि इस सड़क का मेंटेनेंस अवधि समाप्त हो चुकी है, इसलिए पूर्व संवेदक से मरम्मत कार्य नहीं कराया जा सकता। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को नए सिरे से डीपीआर तैयार कर जल्द भेजने तथा मरम्मत कार्य की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की जर्जर सड़कों की मरम्मत के साथ-साथ दुर्गम क्षेत्रों में भी सड़क नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है। पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की सभी खराब सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी।निरीक्षण के दौरान एनएच के सहायक अभियंता राकेश भगत, कनीय अभियंता देव सोरेन तथा विक्टर बेसरा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

घाघरजानी में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, भक्ति में डूबा पूरा गांव

हिरणपुर (पाकुड़)। हिरणपुर प्रखंड के घाघरजानी गांव में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने घाघरजानी मोड़ से नदी तक पैदल यात्रा कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरा और पुनः शोभायात्रा के रूप में मंदिर परिसर पहुंचे। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में पुरोहित अक्षय दीक्षित के नेतृत्व में वैदिक विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। आयोजन में अमर पांडे, मिथुन मंडल, निरंजन मंडल, चुकन मंडल, साजन मंडल, ओम मंडल, प्रसाद मंडल एवं संदीप मंडल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहयोग किया।आयोजकों ने बताया कि रात्रि में भव्य कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद (भंडारा) का भी आयोजन किया गया। पूरे गांव में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं।

महेशपुर में एसआईआर अभियान की समीक्षा, 100 फीसदी कार्य पूरा

महेशपुर (पाकुड़)। प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी बीएलओ, पर्यवेक्षक एवं एईआरओ के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान अंचल अधिकारी संजय सिन्हा भी मौजूद रहे।बैठक में बताया गया कि महेशपुर प्रखंड में एसआईआर अभियान का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में प्रखंड में कुल 1,62,079 मतदाता हैं। बीडीओ ने सभी बीएलओ को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व सभी प्रविष्टियों का सावधानीपूर्वक सत्यापन करने तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं रहने सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

कुल्हाड़ी से महिला की हत्या मामले का 24 घण्टे में खुलासा,आरोपी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के शामपुर गांव में महिला की निर्मम हत्या के मामले का पाकुड़ पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून से सनी कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है।जानकारी के अनुसार, 28 जुलाई 2026 को शामपुर गांव में एक महिला की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना मिलते ही लिट्टीपाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में कांड संख्या

43/2026 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, स्थानीय सूचनाओं एवं मानवीय आसूचना के आधार पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया। जांच के दौरान एसआईटी ने घटना के महज 24 घंटे के भीतर शामपुर निवासी हथीया हेम्ब्रम (55 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून से सनी कुल्हाड़ी बरामद कर उसे जब्त कर लिया।पुलिस के अनुसार, वैज्ञानिक एवं तकनीकी जांच के आधार पर मामले का शीघ्र खुलासा संभव हो सका। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव, लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी विवेक कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार पंडित, मोतिलाला मिश्र, सहायक अवर निरीक्षक विजय कुमार मंडल, तकनीकी शाखा की टीम तथा लिट्टीपाड़ा थाना के पुलिस बल शामिल थे।

गुरु पूर्णिमा पर मंदिरों-आश्रमों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को जिले भर के मंदिरों और आश्रमों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। सुबह से ही भक्त स्नान-ध्यान कर पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं की आराधना कर अपने गुरुजनों को श्रद्धापूर्वक याद किया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से भी गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरु पूर्णिमा को लेकर जिले के विभिन्न आश्रमों में भी दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने अपने गुरुजनों को नमन कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वहीं, बांग्ला सावन के चलते बंगाली समुदाय के लोगों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की।सदर प्रखंड स्थित प्राचीन श्री श्री तारा मां बामदेव आश्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। पुरोहितों ने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बाबा बामदेव की पूजा-अर्चना संपन्न कराई। पूजा-अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और बाबा बामदेव के चरणों में शीश नवाकर सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर आश्रम परिसर में भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया।भक्तों ने श्रद्धापूर्वक सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया।श्रद्धालुओं ने बताया कि श्री श्री तारा मां बामदेव आश्रम अत्यंत प्राचीन और आस्था का प्रमुख केंद्र है।

लाखों की लागत से बना आयुष्मान आरोग्य मंदिर सड़क के अभाव में मरीजों की बढ़ी मुश्किलें

संताल एक्सप्रेस संवाददाता **पाकुड़िया (पाकुड़)।** ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गणपुरा गांव में लाखों रुपये की लागत से निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर आज बुनियादी सुविधाओं के अभाव में अपनी उपयोगिता खोता नजर आ रहा है। भवन तो पूरी तरह तैयार है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं होने से बरसात के दिनों में मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बारिश शुरू होते ही मुख्य सड़क से आरोग्य मंदिर तक जाने वाला करीब 300 मीटर लंबा रास्ता कीचड़ और जलजमाव में तब्दील हो जाता है। ऐसे में इलाज कराने आने वाले मरीजों, बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को घुटने भर कीचड़ से होकर केंद्र तक पहुंचना पड़ता है। कई बार फिसलने से मरीज चोटिल भी हो चुके हैं।गणपुरा सहित आसपास के आठ से दस गांवों के सैकड़ों ग्रामीण प्राथमिक उपचार, नियमित स्वास्थ्य जांच और दवाइयों के लिए इसी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर निर्भर हैं। लेकिन सड़क नहीं होने के कारण मरीजों के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मियों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस और अन्य वाहन भी केंद्र तक नहीं पहुंच पाते, जिससे गंभीर मरीजों के उपचार में देरी होने का खतरा बना रहता है। स्थानीय ग्रामीण महादेव मुर्मू ने बताया कि सरकार ने स्वास्थ्य केंद्र बनाकर सराहनीय कार्य किया है, लेकिन बिना सड़क के इसका पूरा लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को गोद में उठाकर स्वास्थ्य केंद्र तक ले जाना पड़ता है, जबकि कई लोग रास्ते की परेशानी के कारण इलाज कराने से भी कतराते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि भवन निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन सबसे जरूरी सुविधा एप्रोच रोड का निर्माण नहीं कराया गया। इससे सरकार की जनकल्याणकारी योजना का अपेक्षित लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि मरीजों की सुविधा को देखते हुए गणपुरा आयुष्मान आरोग्य मंदिर तक करीब 300 मीटर लंबी पक्की एप्रोच रोड, नाली और समुचित जल निकासी की व्यवस्था जल्द कराई जाए, ताकि वर्षभर ग्रामीण बिना किसी परेशानी के स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।

दो माह बाद कब्र से निकाला गया शव, हत्या के आरोप के बाद पुलिस ने शुरू की जांच

संताल एक्सप्रेस संवाददाता लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के चोड़गो गांव में करीब दो माह पहले दफनाए गए 60 वर्षीय बांदरा पहाड़िया के शव को पुलिस ने न्यायिक प्रक्रिया के तहत कब्र से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका स्थित फूलो झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।जानकारी के अनुसार, करीब दो महीने पहले बांदरा पहाड़िया का शव सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। उस समय परिजनों ने इसे सामान्य मौत मानते हुए बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया था।मामले ने नया मोड़ तब लिया जब मृतक की पत्नी ने लिट्टीपाड़ा थाने में लिखित आवेदन देकर गांव के प्रधान और उसके दामाद पर हत्या का आरोप लगाया। शिकायत में उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर खून से सना एक गमछा वायरल होने के बाद उन्हें संदेह हुआ कि उनके पति की मौत स्वाभाविक नहीं, बल्कि हत्या का परिणाम हो सकती है।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की सूचना अनुमंडल प्रशासन को दी। इसके बाद दंडाधिकारी सह लिट्टीपाड़ा अंचलाधिकारी पवन कुमार की मौजूदगी में न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को कब्र से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।पुलिस के अनुसार, शव दो माह तक जमीन में दफन रहने के कारण काफी हद तक सड़-गल चुका था। ऐसे में पोस्टमार्टम के दौरान वैज्ञानिक एवं फॉरेंसिक जांच की प्रक्रिया अपनाई गई है। अब पुलिस पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बेलगाम डंपर ने ली खलासी की जान सड़क हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता महेशपुर (पाकुड़)। महेशपुर थाना क्षेत्र में कोयला परिवहन मार्ग पर एक बार फिर तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मंगलवार देर रात तसरिया के पास हुए इस हादसे में बरमसिया गांव निवासी विकास कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकास कुमार कोयला परिवहन में चलने वाले एक डंपर में खलासी के रूप में कार्य करता था। मंगलवार देर रात वह तसरिया के समीप अपने डंपर से उतरकर सड़क किनारे स्थित एक दुकान से सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक खाली डंपर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक युवक दम तोड़ चुका था। सूचना मिलने पर महेशपुर थाना प्रभारी रबी शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, पाकुड़ भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी।इधर, घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश देखा गया। उन्होंने मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा देने की मांग की। साथ ही कोयला सड़क पर बेलगाम दौड़ रहे डंपरों की तेज रफ्तार पर रोक लगाने, नियमित निगरानी करने और लापरवाह चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग प्रशासन से की। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन हो रहे हादसों के बावजूद प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, जिससे लोगों की जान लगातार जोखिम में पड़ रही है।

सरकारी तालाब के अतिक्रमण मामले में आठ लोगों पर केस दर्ज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज। साहिबगंज सदर प्रखंड क्षेत्र के कोदरजन्ना के समीप एनएच-80 के किनारे अवस्थित एक सरकारी तालाब को भर कर अतिक्रमण करने लेने के मामले में मुफ्फसिल थाना में आठ लोगों पर केस दर्ज हुआ है. इस संबंध में मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय ने बताया कि सदर एसडीओ सह खासमहाल पदाधिकारी के बयान पर सुरेंद्र यादव, सुनील यादव, शाहजहां, जाबिर, पांचू मियां, गफ्फार, मुश्ताक, मो कलाम के विरुद्ध थाना कांड संख्या 93/26 दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है.

4 अगस्त के कार्यक्रम की तैयारी में जुटा झामुमो, महेशपुर में बैठक

महेशपुर (पाकुड़)। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल वदूद की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 4 अगस्त को पाकुड़ के पुराने डीसी कार्यालय चौक पर दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित आदमकद प्रतिमा अनावरण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी पंचायतों में माइकिंग और जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं एवं लोगों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। जिला सचिव माईकिल मुर्मू ने शिबू सोरेन को झारखंड आंदोलन का जननायक बताते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हाईकोर्ट के फैसले के बाद खाली करने लगे प्रतिष्ठान

संताल एक्सप्रेस पाकुड़ । पाकुड़ मुख्यालय स्थित आंबेडकर चौक के समीप तालाब की भूमि पर बने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को हटाने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट से भी याचिकाकर्ताओं को राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट ने तालाब की जमीन पर बने मकानों एवं दुकानों को हटाने की प्रशासनिक कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। अदालत के इस फैसले के बाद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है।जानकारी के अनुसार, पाकुड़ अंचल कार्यालय ने मौजा पाकुड़, खाता संख्या-588 एवं दाग संख्या-1345 स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया था। इस कार्रवाई को चुनौती देते हुए भूमि के रैयत धर्मेंद्र सिंह ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की थी। याचिकाकर्ता का दावा था कि जिस भूमि पर भवन एवं दुकानें बनी हैं, वह उनकी रैयती संपत्ति है।मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति आनंद सेन की एकल पीठ ने याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि पूर्व में पारित आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई औचित्य नहीं है और इस मामले में न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं होगा।अंचल कार्यालय की ओर से संबंधित दुकानदारों को पहले 21 जुलाई और बाद में 27 जुलाई तक प्रतिष्ठान खाली करने का निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में उल्लेख किया गया था कि संबंधित भूमि राजस्व अभिलेखों में खतियानी रैयत शेषनाथ पांडेय के नाम तालाब के रूप में दर्ज है। इसके बावजूद वहां व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जो झारखंड काश्तकारी अधिनियम, 1949 की धारा-35 के प्रावधानों के विपरीत है।प्रशासन ने नोटिस में झारखंड हाईकोर्ट के पूर्व आदेशों का हवाला देते हुए तालाब की भूमि को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की आवश्यकता भी बताई थी। अब हाईकोर्ट द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद संबंधित दुकानदारों ने बुलडोजर कार्रवाई की आशंका को देखते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठानों को खाली करना शुरू कर दिया है। प्रशासन की ओर से जल्द ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किए जाने की संभावना जताई जा रही है।दुकानदारों ने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील करते हुए कहा कि उनके सामने केवल दुकान टूटने का नहीं, बल्कि परिवार के भविष्य और रोजी-रोटी का सवाल है। उन्होंने मांग की है कि उन्हें आगे की न्यायिक प्रक्रिया के लिए उचित समय दिया जाए, ताकि वे अपने अधिकारों के संबंध में उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकें। चौक के समीप स्थित इन प्रतिष्ठानों में कारोबार की जगह अब सामान समेटने की कवायद शुरू हो गई है।

कलकत्ता पब्लिक स्कूल के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण

संताल एक्सप्रेस रांची । संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान के चतुर्थ स्तम्भ अर्थात प्रेस/मीडिया के कार्य संपादन की प्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से अवगत होने के उद्धेश्य से कलकत्ता पब्लिक स्कूल, ओरमांझी की छात्र-छात्राओं ने झारखण्ड की सुप्रतिष्ठित हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के कार्यालय-सह प्रिंटिंग प्रेस का शैक्षणिक भ्रमण किया।

आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन रेयाक् मनकठा आर बड़हिया स्टेशनको रे बांड़ती तेंगोन

सांगाड़ियाकोवाक् सुबिता लागित्, **03527/03528 आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन मनकठा आर बड़हिया** स्टेशन ताला रे तत्काल प्रभाव खोन लातार रे ओलाकान सोमोयटेवान लेका रे बांड़ती ते तेंगोना:

आसनसोल–गोरखपुर स्पेशल ट्रेन		03527 03528 स्टेशन	गोरखपुर–आसनसोल स्पेशल ट्रेन	
सेटेरोक्आ	लाड़ाक्आ		सेटेरोक्आ	लाड़ाक्आ
01.26	01.28	↓ मनकठा	01.31	01.33
01.38	01.40	बड़हिया ↑	01.20	01.22

एमान तेयाक् जोतो बातलावको दो एनका गे ताहेंना।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

बरनवाल युवक संघ ने लगाया कांवरिया सेवा शिविर

देवघर। श्रावणी मेला के अवसर पर बरनवाल युवक संघ, देवघर की ओर से कांवरिया पथ स्थित भूत बंगला द्वार के समीप निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सर्वोत्तम बरनवाल ने की। सेवा शिविर का उद्घाटन पूर्व मुख्य सचेतक एवं पूर्व विधायक विरंची नारायण ने किया। कार्यक्रम में भारतवर्षीय बरनवाल युवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवराम निशांत सहित बरनवाल समाज और विभिन्न सामाजिक संगठनों के कई पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मौके पर बताया गया कि श्रावणी मेला के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले कांवरियों की सेवा के उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया है। कार्यक्रम में ओंकारनाथ बरनवाल, राजन शशि, राजकुमार बरनवाल, सत्येंद्र बरनवाल, कुमार गौरव, अनिल बरनवाल, कमल किशोर, रोहित बरनवाल, प्रहलाद बरनवाल, वार्ड पार्षद अनूप बरनवाल, संदीप बरनवाल, प्रवीण बरनवाल, गुरुदेव प्रसाद, मंजू बरनवाल, सरिता बरनवाल, विवेक बरनवाल तथा रवि केशरी सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राजद ने किया कांवरिया सेवा शिविर का शुभारंभ

देवघर। विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला-2026 के अवसर पर बुधवार को टावर चौक स्थित राष्ट्रीय जनता दल के कांवरिया सेवा शिविर का शुभारंभ विधायक एवं पूर्व मंत्री सुरेश पासवान तथा जिलाध्यक्ष फणी भूषण यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पार्टी ने बताया कि पिछले 33 वर्षों से प्रत्येक श्रावणी मेला के दौरान इस सेवा शिविर का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं, सुरक्षित वातावरण, सुचारु व्यवस्था और सम्मानजनक सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में भूतनाथ यादव, मुकेश प्रसाद यादव, लालमोहन मांझी, प्रमोद यादव, रामकृष्ण पासवान, नेहा सिंह, कृष्णा सिंह यादव, हैदर खान, नुनू झा, चक्रधर रवानी, रविकांत दास, मुरली देवी, सुशीला देवी, चंद्रा देवी, बिनोद यादव, पप्पू खान, जमीर अंसारी, राकेश रोशन, रामदेव यादव, शाहिद खान, दिलीप यादव, सौरभ यादव, गोबर्धन रवानी, श्रीकांत यादव, सुभाष निराला, जामुन दास, त्रिलोचन दास, लखन यादव, बासुकी दास, बलदेव यादव, टिकेत यादव, महादेव यादव, सुरेश यादव, कुंदन लाल यादव, बालेश्वर राउत, मनोरंजन यादव, नवल यादव और कृष्ण कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बाबा बैद्यनाथ से सभी श्रद्धालुओं की सुख, शांति और मंगलमय यात्रा की कामना की गई।

सुनील खवाड़े ने किया सेवा शिविर का शुभारंभ

देवघर संताल एक्सप्रेस । श्रावणी मेला के अवसर पर कांवरिया पथ स्थित राजवाड़ा में मां पुष्पा सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक माह के निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सुनील खवाड़े ने किया। इस शिविर में पूरे श्रावणी मेला अवधि के दौरान कांवरियों को निःशुल्क पेयजल, चाय, भोजन, फलाहार, शरबत, ठहरने की व्यवस्था तथा प्राथमिक चिकित्सा सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. सुनील खवाड़े ने कहा कि थके-मांदे कांवरियों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार राय, प्रह्लाद राय, गोलू सिंह, विल्सन, राहुल चौधरी, सत्य नारायण खवाड़े, मनोज पांडेय, दीपक दुबे, बबलू बलियासे, चांदमणि बलियासे, किशोर यादव, अर्जुन, प्रिंस, सुजीत सहित कई गणमान्य लोग एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

एसबीआई ने लगाया सेवा शिविर

देवघर। भारतीय स्टेट बैंक की ओर से बुधवार को दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहले कार्यक्रम में बैंक ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत जिला प्रशासन को एक एंबुलेंस, बैरिकेडिंग सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। यह कार्यक्रम साधना भवन परिसर स्थित बैंक कार्यालय में आयोजित हुआ। इसके बाद तिवारी चौक स्थित मानसरोवर अपार्टमेंट के सामने भारतीय स्टेट बैंक के वार्षिक श्रावणी सेवा शिविर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन उप महाप्रबंधक एस. सत्यनारायण राव और क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। श्रावणी सेवा शिविर के माध्यम से श्रावणी मेला के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को विभिन्न आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अन्य आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति रही। बैंक प्रबंधन ने बताया कि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से यह शिविर प्रत्येक वर्ष संचालित किया जाता है।

गुरु पूर्णिमा पर पतंजलि परिवार ने किया सामूहिक योग और हवन-यज्ञ

देवघर । गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पतंजलि परिवार की ओर से भारत स्वाभिमान के जिला अध्यक्ष अनुज कुमार त्यागी के नेतृत्व में बुधवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग, हवन-यज्ञ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बम्पास टाउन, केकेएन स्टेडियम, नवदुर्गा, जसीडीह बरनवाल धर्मशाला, आईटीआई कुचियागढ़ा, नंदन पहाड़ योग कक्षा सहित अन्य स्थानों पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गुरु भाई-बहनों ने हवन-यज्ञ में भाग लेकर योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज के स्वस्थ, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की। कार्यक्रम में गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि गुरु वह दीपक हैं, जो जीवन में ज्ञान, शांति, सद्बुद्धि और सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए दुम्मा बॉर्डर पर अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र बना

कांवरिया पथ पर टोटो एम्बुलेंस सेवा शुरु

संवाददाता

देवघर। राजकीय श्रावणी मेला 2026 के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा और त्वरित चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। बुधवार को दुम्मा बॉर्डर के पास अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया गया। साथ ही कांवरिया पथ पर आपातकालीन चिकित्सा सहायता के लिए टोटो एम्बुलेंस सेवा भी शुरू की गई। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया और पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। इसके बाद टोटो एम्बुलेंस को रवाना किया गया। यह सेवा संकरे और भीड़भाड़ वाले कांवरिया पथ पर बीमार या घायल श्रद्धालुओं को शीघ्र अस्पताल पहुंचाने में मदद करेगी। उपायुक्त ने बताया कि दुम्मा बॉर्डर स्थित अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ की 24 घंटे तैनाती रहेगी। यह छोटी और तेज गति वाली एम्बुलेंस संकरे रास्तों से भी आसानी से गुजरकर आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाएगी।

देवघर में श्री जगन्नाथ मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। देवघर। शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए श्री जगन्नाथ मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का बुधवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। अस्पताल का उद्घाटन झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने किया। इस अवसर पर चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह के दौरान अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ विभिन्न रोगों के इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अस्पताल का उद्देश्य देवघर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को एक ही स्थान पर बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। अस्पताल के ऑपरेशन विभाग के प्रभारी डॉ. सत्यम सत्यार्थी ने बताया कि एक आधुनिक अस्पताल के लिए आवश्यक लगभग सभी सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज शुरू करने की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। अस्पताल की ओर से आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और निर्धारित मानकों व औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद जल्द ही आयुष्मान भारत योजना की मान्यता मिलने की उम्मीद है।

बाला नन्द ब्रह्मचारी आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर आयोजन
चैरिटेबल अस्पताल और मातृ सेवा सदन का उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर करहनीबाद स्थित श्री श्री बाला नन्द ब्रह्मचारी आश्रम में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ विविध धार्मिक एवं सेवा संबंधी कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। देश-विदेश से आए शिष्यों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा आश्रम भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ आश्रम के वर्तमान सेवायत पवित्रा नन्द ब्रह्मचारी महाराज द्वारा गुरु पादुका पूजन तथा परम पूज्य गुरु श्री मोहनानन्द ब्रह्मचारी जी, परम गुरु महाराज श्री बाला नन्द ब्रह्मचारी जी एवं परात्पर गुरु ब्रह्मानन्द ब्रह्मचारी महाराज के श्रीविग्रहों के षोडशोपचार पूजन से हुआ। इसके बाद देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने गुरु पादुका पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन के उपरांत अनेक श्रद्धालुओं ने महाराज से दीक्षा भी ग्रहण की। धार्मिक अनुष्ठान के बाद झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह एवं पूज्य महाराज के कर-कमलों द्वारा आश्रम परिसर में नवनिर्मित बालेश्वरी ऐलोपैथिक चैरिटेबल हॉस्पिटल तथा मोहनानन्द मातृ सेवा सदन का विधिवत उद्घाटन किया गया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, दुमका

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 05/2026–27

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दुमका।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 06.08.2026 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 07.08.2026 के 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 07.08.2026 के 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र ब्रिकी का स्थान :–
   1. मुख्य अभियंता (या0), पथ निर्माण विभाग, झारखंड, रॉची इंजिनियर्स होस्टल, गोलचक्कर, धुर्वा, राँची का कार्यालय।
   2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दुमका का कार्यालय।
   3. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, दुमका का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 2, 3 एवं 4 में अंकित तिथि एवं समय अनुसार। क्रमांक 5 में उल्लेखित कार्यालयों में निविदा प्राप्त एवं खोली जाएगी।
7. कार्य की विवरणी निम्न प्रकार है :–

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	वित्तीय वर्ष 2026–27 के गैर योजना विवेकाधीन मद अंतर्गत 15 अगस्त के अवसर पर उपराजधानी, दुमका के विभिन्न पथों की साफ सफाई एवं पेड़ों की रंगाई कार्य।	5,90,300.00	12000.00	1250.00	13 अगस्त 2026 तक

1) प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करना होगा।
2) निविदा के संबंध में किसी विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।
3) झारखण्ड पथ निर्माण विभाग, राँची का संकल्प संख्या 2146(एस) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका–163(ए) द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10 प्रतिशत की न्यूनतम अधिसीमा को समाप्त किया जाता है। सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। साथ ही JPWD Code के 163(ए) को डिलीट किया जाता है। 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional performance security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (क) 10 से 20 प्रतिशत below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ख) 20 प्रतिशत से अधिक below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। यह झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172(ए) के रूप में समाहित होगा। पूर्व के संहिता/ नियम /परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेंगे। वैद्य एवं समान दर की निविदाओं के मामले में निविदा निष्पादन के प्राधिकार द्वारा पारदर्शी तरीके से लाटरी (lottery) की पद्वति अपनायी जायेगी। यह प्रावधान झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के कंडिका–163(ई0) के रूप में समाहित होगा तथा उक्त हद तक पूर्व के संहिता/ नियम /परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेंगे।
4) वैसे सभी संवेदक जो पूर्व से आवंटित कार्य विलम्ब से कर रहे हैं, उन्हें ना तो परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा ना उनके निविदा पर विचार किया जाएगा।
5) कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, दुमका के कार्यालय में होने वाली परिमाण विपत्र की बिक्री, निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान जिला नियंत्रण कक्ष, दुमका में निर्धारित किया जाता है।
6) यह निविदा 15 अगस्त की तैयारियों के लिए निकाली गयी है। अतः इस कार्य को 15 अगस्त के पूर्व कार्य करना अनिवार्य है।

PR.NO.386172 Road(26-27):D

कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, दुमका

दुमका समाहरणालय, जिला भू-अर्जन शाखा
समाहर्त्ता या समुचित सरकार

-: अधिघोषणा :-

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या– 1794/जि0भू0अ0 दुमका, दिनांक– 27.07.2026

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **सरैयाहाट–सुंबेश्वरनाथ मंदिर पहुँच पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना** हेतु मौजा–**पिपराडंगाल,** थाना संख्या–**78,** थाना–**जरमुण्डी**, अंचल–**जरमुण्डी**, जिला–**दुमका** में कुल–**0.168** एकड़ यानि **0.068** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.168 एकड़ यानि 0.068 हेक्टेयर** है और जो मौजा–**पिपराडंगाल,** थाना संख्या–**78,** थाना–**जरमुण्डी,** अंचल–**जरमुण्डी,** जिला–**दुमका** में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

क्र. स.	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उत्तर	दक्षिण	पूरब	पश्चिम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	**02**	**315**	ज0 रै0	धानी तीन	**0.028**	अन्नया देवी पति– रघु खीरहर वो बालु खीरहर वो लालु खीरहर पिता– खोखन खीरहर वो सुरेश खीरहर वो नरेश खीरहर पिता– लगन खीरहर।	313	316	रास्ता	314
2	**05**	**301**	ज0 रै0	धानी तीन	**0.061**	डोमन खिरहर वो दशरथ खिरहर पिता– झगरू खिरहर।	300	रास्ता	सीवाना	306
3	**05**	**311**	ज0 रै0	धानी दो	**0.003**		307	313	306	312
4	**06**	**308**	ज0 रै0	धानी तीन	**0.021**	सहावती देवी पति– जयनाथ परहीआ वो जयदेव परहीआ वो बिजय परहीआ वो दिनेश परहीआ पिता– भानु परहीआ वो केशोवती देवी वो कलावती देवी पिता– जयराम परहीआ वो हराधन परहीआ वो मनोज परहीआ वो सुनील परहीआ वो मुरली परहीआ पिता– रामु परहीआ वो भागीरथ परहीआ वो सुबोध परहीआ पिता– मधु परहीआ वो सकली देवी पति– फुदन परहीआ वो पनिया देवी पति– गोयाल परहीआ।	307	309	301	311
5	**09**	**313**	ज0 रै0	धानी तीन	**0.004**	बीरमा देवी पति– गुली खीरहर वो बाला खीरहर पिता– चिगड़ खीरहर वो महरी देवी पति– भवेश खीरहर वो भरत खीरहर पिता– चक्रधर खीरहर वो प्रतिमा देवी पति– रूदेव खीरहर।	311	315	रास्ता	312
6	**09**	**316**	ज0 रै0	धानी तीन	**0.051**	सुशीला देवी पति– लीलु खीरहर वो गुली माँझी वो गोपाल माँझी माता– पुरनी देवी वो (दुसरी पुत्री नाम नहीं मालुम) पिता– खुदु खीरहर वो हरिहर खीरहर पिता– पाँचु खीरहर वो फुलेश्वरी देवी पति– केटा खीरहर।	315	रास्ता	रास्ता	317
				कुल रकवा –	**0.168**					

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है।

मौजा–.......X......, थाना–.......X......, थाना सं0–.......X......, अंचल–.......X......, जिला–.......X......, रकवा– ....X......एकड़ जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, दुमका

PR 386158 Land Reforms (26-27)_D

MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS NOTIFICATION
New Delhi, the 1st July, 2026

S.O. 3554(E).— Whereas by the notification of the Government of India in the Ministry of Road Transport and Highways, 6166(E) Dated:31/12/2025, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii) issued under sub-section (1) of section 3A of the National Highway Act, 1956 (48 of 1956) (hereinafter referred to as the said Act), the Central Government declared its intention to acquire the land specified in the Schedule annexed to the said notification for construction of (widening/for lane with paved shoulder/four laning etc.,), maintenance, management and operation of NH133 in the stretch of land from (Hansdiha) Km. 93.00 to (Chopa More) Km. 114.70, in the district of DUMKA in the state of JHARKHAND

And whereas the substance of the said notification has been published in Hindustan and Prabhat Khabar both dated 10.01.2026 under sub-section (3) of section 3A of the said Act;

And whereas the Competent Authority has received objections filed under Section 3-C, considered and settled the same appropriately;

And whereas, in pursuance of sub-section (1) of section 3D of the said Act, the competent authority has submitted its report to the Central Government;

Now, therefore, upon receipt of the said report of the competent authority and in exercise of the powers conferred by the sub-section (1) of section 3D of the said Act, the Central Government hereby declares that the land specified in the said Schedule should be acquired for the aforesaid purpose;

And further, in pursuance of sub-section (2) of section 3D of the said Act, the Central Government hereby declares that on publication of this notification in the Official Gazette, the land specified in the said Schedule shall vest absolutely in the Central Government, free from all encumbrances.

SCHEDULE Brief description of the land to be acquired, with or without structure, falling within the NH133 in the stretch of land from (Hansdiha) Km. 93.00 to (Chopa More) Km. 114.70 in the district of DUMKA in the state of JHARKHAND

State: JHARKHAND			District: DUMKA		
Sl. No.	Survey/Plot Number	Type of Land	Nature of Land	Area (in Hectares)	Name of Land Owner/Interested Person
1	2	3	4	5	6
Taluk: Saraiyahat					
Village: DIGGHI (4)					
1	1002	Private	WAADI DO	0.0202347	Rajendra Hazra & Shanti Devi & Manti Devi & Hemani Devi S/o- Late Jagdish Hazra & Balo Hazra S/o- Late Adarwa Devi.
2	1003	Private	WAADI DO	0.3278025	Rajendra Hazra & Shanti Devi & Manti Devi & Hemani Devi S/o- Late Jagdish Hazra & Balo Hazra S/o- Late Adarwa Devi.
3	295	Private	WAADI DO	0.2735735	Harihar Raut(R.T.) & Mahabir Raut(R.T.) & Tarni Raut(R.T.)
4	298	Government	PARTI KADIM	0.0250911	Anabadi
5	333	Private	WAADI DO	0.2420073	Kodo Mahto(R.T)
6	335	Private	WAADI DO	0.3452044	Nityanand Yadav & Matru Yadav & Kailash Yadav & Kusmi Devi & Chuni Devi S/o-Late Ramanand Manjhi & Siyawati Devi W/o- Late Duryodhan Manjhi &
					Chandradeep Manjhi S/o- Late Rajan Manjhi & Bhairwi Devi W/o- Late Godo Manjhi.
7	336	Private	WAADI DO	0.0352084	Nityanand Yadav & Matru Yadav & Kailash Yadav & Kusmi Devi & Chuni Devi S/o-Late Ramanand Manjhi & Siyawati Devi W/o- Late Duryodhan Manjhi & Chandradeep Manjhi S/o- Late Rajan Manjhi & Bhairwi Devi W/o- Late Godo Manjhi.
8	336/1008	Private	WAADI DO	0.0141643	Nityanand Yadav & Matru Yadav & Kailash Yadav & Kusmi Devi & Chuni Devi S/o-Late Ramanand Manjhi & Siyawati Devi W/o- Late Duryodhan Manjhi & Chandradeep Manjhi S/o- Late Rajan Manjhi & Bhairwi Devi W/o- Late Godo Manjhi.
9	337	Private	WAADI DO	0.0704168	Gursi Devi D/o- Late Jitu Maharana & Kiran Devi D/o- Late Koshliya Devi & Ranthi Devi D/o- Late Bali Maharana.
